संख्या-17/2154/26-1-2013-सक-1

प्रेषक,

बी0बी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 08 अक्टूबर, 2013

विषय:- वेतन समिति(2008) द्वारा दी गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों का समाज कल्याण विभाग के फार्मासिस्ट संवर्ग के संबंध में कार्यान्वयन।

महोदय,

वेतन समिति(2008) के नवम् प्रतिवेदन भाग-1 में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के संबंध में शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-2055/दस-54(एम)/10टीसी, दिनांक 08-09-2010 एवं शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-404/दस-54(एम)/108 टीसी, दिनांक 18-03-2011 के क्रम में समाज कल्याण विभाग के फार्मासिस्ट संवर्ग का संशोधित/उच्चीकृत वेतन बैण्ड/ग्रेड वेतन नियमानुसार दिनांक 18-03-2011 से निम्नानुसार अनुमन्य किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीक़ति प्रदान करते हैं:-

"समाज कल्याण विभाग के फार्मासिस्ट संवर्ग में उपलब्ध फार्मासिस्ट के पद पर Entry Grade वेतनमान रू0 4500-7000 (सादृश्य वेतनबैण्ड-1 एवं ग्रेड वेतन रू0 2800) तथा Entry Grade में 02 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर नाम फंक्शनल आधार पर वेतनमान रू0 5000-8000 (सादृश्य वेतनबैण्ड-2 एवं ग्रेड वेतन रू0 4200) अनुमन्य कराया जाता है।"

2- उपर्युक्त निर्णय के आधार पर समाज कल्याण विभाग के फार्मासिस्ट संवर्ग का ढांचा निम्नानुसार किया जाता है:-

क्र0 सं0	पदनाम/वेतनमान(पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतनबैण्ड एवं ग्रेड वेतन रू0 में)	भर्ती प्रक्रिया/अर्हता
1	2	3
1	फार्मासिस्ट रू0 4500-7000 (वेतन बैण्ड-1 एवं ग्रेड वेतन रू0 2800)	शत-प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा, अर्हता-इण्टरमीडिएट (गणित या बॉयोलॉजी ग्रुप) तथा स्टेट मेडिकल फैकल्टी उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त 02 वर्ष 03 माह की अवधि का फार्मेसी में डिप्लोमा एवं स्टेट फार्मेसी कौन्सिल उ0प्र0 में पंजीयन।

3- फार्मासिस्ट संवर्ग के पदों पर भी ए0सी0पी0 के अंतर्गत देय लाभ शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-561/दस-62(एम)/2006, दिनांक 04-05-2010 के आलोक में अनुमन्य होंगे।

4- उच्चीकृत वेतनमानों में संबंधित पदधारकों का वेतन शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-341/दस-2009-59(एम)/2008, दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 में वर्णित व्यवस्थानुसार निर्धारित किया जायेगा।

5- संबंधित सेवा नियमावली में उपरोक्तानुसार यथाशीघ्र संशोधन कर लिया जायेगा।

6- यह शासनादेश वित्त (वेतन-आयोग)अनुभाग-1 की अशासकीय संख्या-वे0आ0-1-740/दस-2013, दिनांक 27 सितम्बर, 2013 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(बी0बी0 सिंह)
विशेष सचिव।

पृ0सं0-17/2154(1)/26-1-2013-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3- कोषाधिकारी, लखनऊ।
4- वित्त (वेतन-आयोग)अनुभाग-1/2
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार त्रिवेदी)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in